Title: Moved the motion for consideration of the Explosive Substances (Amendment) Bill, 1998. Motion for Consideration - adopted

17.35 hrs.

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): Mr. Chairman Sir, I beg to move:

"That the Bill further to amend the Explosive Substances Act, 1908, be taken into consideration."

सभापति जी, यह विस्फोटक पदार्थ विधेयक या विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, जो मूल कानून है जिसके अधीन देश में विस्फोटक पदार्थों का नियमन होता है, वह आज से ९० साल पहले बना था। १९०८ का यह विधेयक है और इन ९० सालों में वैज्ञानिक प्रगति बहुत हुई है। वह वैज्ञानिक प्रगति मानवता के हित के लिए भी होती है और अहित के लिए भी होती है। जो वैज्ञानिक पदार्थ नए-नए निकले हैं उनमें से कुछ बहुत भयंकर रूप के हैं जिनका अनुभव इस देश में पिछले कुछ सालों में आतंकवातियों के माध्यम से किया गया है। मैं अगर उनमें से कुछ का नाम ले लूं- आर.डी.एक्स, जिसका अर्थ है रिसर्च डिवेलपमेंट एक्सप्लोसिव। दूसरा है पी.ई.टी.एन. जिसका अर्थ है-पेंटा ऐरीथ्रिटॉल टैल्ट्रा नाईट्रेट और तीसरा है एच.एम.एक्स. यानी हाई मैल्टिंग एक्सप्लोसिव। ये तीन जिनका मैंने नाम लिया है उनका उपयोग देश में आतंकवादी ही करते रहे हैं। इनके अलावा एक और वस्तु का उपयोग करते रहे हैं और वह है रिमोट कंट्रोल डिवाइस। एक्सप्लोज़न के लिए इसका उपयोग किया जाता रहा है। १९०८ के मूल कानून में जो एक्सप्लोसिव सबस्टांस की व्याख्या की गई है उसमें कहा गया है-

"..."explosive substance" shall be deemed to include any materials for making any explosive substance; also any apparatus, machine, implement or material used, or intended to be used, or adapted for causing, or aiding in causing, any explosion in or with any explosive substance; also any part of any such apparatus, machine or implement."

पिछले दिनों में मुख्य मंत्रियों से संपर्क हुआ, डायरैक्टर जनरल्स ऑफ पुलिस, आई.जी. पुलिस और पुलिस के अन्य अधिकारियों के साथ बातचीत हुई, तो सबकी यह राय बनी कि हिन्दुस्तान में सामान्य कार्यों के लिए जो विस्फोटक काम में आते हैं, उनमें ये उपयोग नहीं किए जाते। अगर ये किसी के पास होते हैं, तो इसका अर्थ है कि वह इनका किसी गलत काम के लिए इस्तेमाल करना चाहता है और वह गलत कामों के लिए इन विस्फोटकों का इस्तेमाल करता भी है। इसलिए ि वस्फोटक पदार्थ अधिनियम, १९०८ में इस प्रकार के पदार्थों का किसी के पास होना, गंभीर मामला है और उसके लिए सामान्य से यदि अधिक दंड का प्रावधान होगा, तो वह हमें आतंकवादियों के साथ मुकाबला करने में सहायता करेगा।

इस प्रस्ताव पर काफी चर्चा हुई और चर्चा के बाद यह विधेयक सदन में लाया गया है जिसमें पहली बात की गई है कि अधिनियम में दो व्याख्या की गई हैं। एक तो पहली व्याख्या है ही जिसमें सामान्य विस्फोटक पदार्थ आते हैं और दूसरी व्याख्या में इन विस्फोटक पदार्थों का उल्लेख किया गया है। जिनको हमने कहा है- स्पेशल कैटेगरी एक्सप्लोसिव। उसमें रिमोट कंट्रोल डिवाइस का भी उल्लेख हमने किया है क्योंकि इसका प्रावधान पहले के अधिनियम में है। यह अन्तर कर के इस बात का प्रावधान किया गया है कि पहले के नियम के अनुसार इसमें आजन्म कैद हो सकती है, लेकिन अब जो इसका उपयोग करेगा, तो मृत्युदंड होगा। यह अन्तर मोटेतौर पर इसमें किया है। यह छोटा सा विधेयक है और उसे हमने सदन में पेश किया है। मैं चाहूंगा कि आज सदन इस पर विचार करे और इसको पारित करे।

MR. CHAIRMAN :Motion moved:

"That the Bill further to amend the Explosive Substances Act, 1908, be taken into consideration."

श्री मोतीलाल वोरा (राजनांदगांव): माननीय सभापति जी, विस्फोटक पदार्थ संशोधन विधेक १९९८ गृह मंत्री जी ने अभी प्रस्तुत किया है। १९०८ के अधिनियम में जो संशोधन प्रस्तावित किये गये हैं, वे संशोधन धारा दो, तीन, चार और पांच में है। जैसा कि हम सब इस बात से भली-भांति परिचित हैं कि पिछले कुछ वर्षों से आतंकवादियों और राष्ट्रद्रोहियों ने जिस प्रकार के विस्फोटकों का प्रयोग करना शुरू किया है, उन प्रयोगों से जहां जन हानि हुई है, सम्पति की हानि हुई है वहां राष्ट्र की अस्मिता को और राष्ट्र की सुरक्षा को भी जबरदस्त खतरा पैदा हुआ है।

अभी माननीय गृह मंत्री जी ने कहा कि सामान्य रूप से जो विस्फोटक पदार्थबनाने वाले लोग हैं, वे उनका उपयोग पहाड़ों को तोड़ने के लिए, सुरंगों को बनाने के लिए, कहीं नदी के मोड़ को अलग करना है या किसी स्थान पर उसका उपयोग बहुत आवश्यक हो, उन सामान्य कार्यों के लिए जो कि जन हित के कार्य हुआ करते थे, उनके लिए ही इसका उपयोग करने वाले थे। विगत वर्षों में उससे जन-जीवन को किसी प्रकार की हानि कहीं पर भी नहीं देखी गयी। लेकिन आज चाहे पंजाब का मामला हो, आंध्र प्रदेश का मामला हो, आसाम का मामला हो या जम्मू और कश्मीर का मामला हो, आये दिन इन आतंकवादी और राष्ट्रद्रोही, जैसा कि माननीय गृह मंत्री जी ने कहा कि आर.डी.एक्स., पी.टी.एन. और एच.एम.एक्स. का उपयोग करने वाले लोग देश के दुश्मन हैं। हमारे १९०८ के अधिनियम को लगभग ९० वर्ष बीत चुके हैं। दुनिया में विज्ञान बहुत तेजी के साथ आगे बढ़ा। विज्ञान का उपयोग मानव के विनाश के लिए नहीं बल्कि उसका उपयोग मानव को आगे बढ़ाने के लिए है। दुनिया के कई देशों ने विज्ञान के माध्यम से प्रगति की है और पंडित जवाहर लाल नेहरू ने इस बात को हमेशा कहा कि जो देश विज्ञान और तकनीकी के मामलों में पीछे रहेगा, वह दुनिया के उन विकसित राष्ट्रों के समकक्ष नहीं आ पायेगा। पंडित जी ने यह बात कही थी और देश के महान नेताओं ने समय समय पर विज्ञान को आगे बढ़ाने की बात कही है। आज हम इस बात को गर्व के साथ कह सकते हैं कि देश के अंदर हमारा वैज्ञानिक और तकनीकी ज्ञान बढ़ा है लेकिन इसके साथ ही दुनिया के तमाम देशों में न केवल हिन्दुस्तान में आतंकवादियों ने जिन विस्फोटक पदार्थों का उपयोग किया है, उसके लिए पूरे देश में चिंता व्यक्त की जा रही है।

अगर हम जम्मू-कश्मीर के मामले को देखें तो आये दिन इस बात की शिकायतें मिलती हैं कि पाकिस्तान की ओर से बहुत से लोग ट्रेंड होकर, शिक्षित और प्र शिक्षित होकर आते हैं। प्रशिक्षण का मतलब होता है कि आदमी प्रशिक्षित होने के बाद कुछ अच्छा काम करेगा लेकिन प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद विनाश के कामों में निरंतर वे व्यक्ति लगे रहते हैं। यदि हमने समय रहते कार्यवाही नहीं की तो आज जो हालत असम की है, आंध्र प्रदेश की है, वही हालत बाकी स्थानों की भी हो सकती है। समय रहते कार्यवाही करना बहुत आवश्यक था। १९०८ के अधिनियम में जो चार धाराएं आपने नयी रखी हैं, उन धाराओं को मैंने भी देखा है। मैं समझता हूं कि यह सामयिक हैं। उस वक्त १९०८ के अधिनियम में हमने जहां आजीवन कारावास की सज़ा अथवा १० वर्ष की सज़ा की बात कही थी, तो अब स्थिति ऐसी आ गयी है कि उससे वह संभाली नहीं जा रही है। आतंकवादियों के हौंसले दिनोदिन बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे पदार्थ बनाने वाले लोगों का भेद करना भी बहुत मुश्किल है। उनका विभेद करना भी कठिन है। आखिर वही लोग उनके साथ रहते हैं जैसे कि माननीय गृह मंत्री ने कहा कि सामान्य रूप से विस्फोटक पदार्थ बनाने वाले ऐसा काम नहीं करते। जिनके पास आर.डी.एक्स., पी.टी.एन. और एच.एम.एक्स. प्राप्त हो जाये, तो निश्चित रूप से उनके विरुद्ध कार्यवाही हो क्योंकि वह जन हित में नहीं है।

वह देश हित में नहीं है, मानव हित में नहीं है और वे देश हित और देश की सुरक्षा के लिए खतरा उत्पन्न करने वाले लोग हो सकते हैं। इसलिए इस अधिनियम में जो संशोधन आपने प्रस्तुत किया है, मैं उसका स्वागत करता हूं, समर्थन करता हूं और उसमें मृत्युदंड देने का जो प्रावधान दिया है, वह आवश्यक होना ही चाहिए अन्यथा उनको किसी प्रकार का भय नहीं रहेगा और जब तक भय नहीं रहेगा तब तक वे इस प्रकार के काम में सलंग्न रहेंगे। मैं अपने गृह मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि इसका कड़ाई से पालन होना चाहिए।

हम कानून बना लेते हैं लेकिन उसके बाद उसको पालन करने वाले लोग, चाहे राज्यों का मामला हो, उन राज्यों की सरकारों को भी सख्त हिदायतें दी जानी चाहिए कि इसका पालन होना चाहिए अन्यथा कानून तो बन जाएगा, जिनके पास विस्फोटक पदार्थ पाए जाते हैं, वे कई मामलों में छूट भी जाते हैं। हम कानून को इतना सख्त बनाएं ताकि भविष्य में इस प्रकार के पदार्थों को बनाने वाले लोग हिम्मत न कर सकें, साहस न कर सकें और हम देश की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न करने वाले लोगों को चिन्हित करें। जहां तक कठोर दंड देने का सवाल था, उसके बजाए मृत्युदंड देना ही इस अधिनियम में सबसे उपयुक्त प्रावधान होगा। मैं अ पनी बात यहीं समाप्त करता हूं और आपने इस अधिनियम में जो संशोधन प्रस्तुत किया है, उसका समर्थन करता हूं।

>

श्री चमन लाल गुप्त (ऊधमपुर): माननीय सभापति जी, मैं इस विधेयक का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। जम्मू-कश्मीर उग्रवाद का भुक्तभोगी है। पिछले नौ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में आई.एस.आई. ने, पाकिस्तान ने अपने ट्रेंड लोग जो वहां पर भेजे हैं, कुछ हथियार लेकर आते हैं और कुछ लोग आर.डी.एक्स. इत्यादि लेकर आते हैं। आपको याद होगा, वहां पर हर तरह का प्रोटैक्शन, हर तरह की सर्च करने के बाद भी २६ जनवरी, १९९५ को जब हमारे गवर्नर महोदय हमारी सेना की परेड का निरीक्षण कर रहे थे तो मानो उनके पांव के नीचे से ही किसी ने रिमोट कंट्रोल से एक आर.डी.एक्स बम का विस्फोट किया था जिससे बहुत सारे जवान मृत्यु को चले गए थे और बहुत सारे जख्मी भी हुए। हमारी पुलिस के बड़े-बड़े सिपाही, ऑफिसर्स की २५ जनवरी, १९९२ को, जिस समय डा. मुरली मनोहर जी एकता यात्रा लेकर जा रहे थे, पुलिस के डायरैक्टर जनरल के ऑफिस पर बम विस्फोट हुआ यानी उनका पहुंचना कहां तक संभव था, इसका नतीजा आप अच्छी तरह समझ सकते हैं। मैं माननीय गृह मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि वे इस प्रकार का विधेयक लाए हैं। मैं समझता हूं कि यह उन लोगों के लिए, वि शेष रूप से जो पाकिस्तान और हमारे ऐडजॉयनिंग देशों से इस तरह के विस्फोटक पदार्थ लेकर आ रहे हैं, डैटरैंट साबित होगा, यह मिलिटैंसी को कर्व करने के लिए, उग्रवाद को समाप्त करने के लिए एक पौज़ीटिव स्टैप है परन्तु साथ ही मैं इतना निवेदन जरूर करना चाहूंगा कि आखिर वे लोग बार्डर क्रॉस करके आते हैं, हमारा बार्डर इतना सैन्सिटिव है कि इतना सब कुछ होने के बावजूद भी, मेरे पास उदाहरण है, हमारे होम सैक्रेटरी ने एक बार स्टेटमैंट दिया था कि पिछले कुछ वर्षों में ४३,००० किलोग्राम आर.डी.एक्स. हमने अपने देश में पकड़ा है। इतनी अधिक मात्रा में दूसरे देशों से हमारे यहां किस तरह से ये चीजें पहुंच रही हैं, इसकी तरफ हमें जरूर ध्यान देना पड़ेगा।

बार-बार हमने कहा है कि हम अपने बोर्डर को सील करेंगे और इसके ऊपर वायर लगा देंगे, लेकिन विशेषकर जम्मू-कश्मीर के अन्दर हम वायर नहीं लगा पा रहे हैं। मैं चाहूंगा कि वायर लगाने का जो प्रावधान है, इसकी तरफ भी माननीय गृह मंत्री जी ध्यान दें। साथ ही मैं यह चाहता हूं, पिछली बार भी एक सजेशन आया था कि पांच किलोमीटर की एक ऐसी पट्टी हम अपने बोर्डर के ऊपर खड़ी कर दें, जिसको हम नो मेन लैंड कहें, जिसकी सुरक्षा इस तरह से हो कि कोई भी आने वाला आदमी उसमें से पकड़ा जा सके, देखा जा सके।

एक सुझाव मैं और देना चाहता हूं, आम तौर से देखा गया है कि जो लोग आर.डी.एक्स. के लिए पकड़े गये हैं, इसमें बहुत सारे लोग पकड़े गये हैं, लेकिन उनके ऊपर केस नहीं चलते, अगर केस चलते भी हैं तो वे वर्षों तक चलते रहते हैं, उनका कोई नतीजा नहीं निकलता। हमने तो अपने यहां अनुभव किया है कि हजारों लोग जो पकड़े गये हैं, बाद में या तो वे छूट जाते हैं या उनको किसी तरह की कोई सजा नहीं हो पाती। आपने इसके लिए मृत्यु दंड देने का प्रावधान किया है, मैं समझता हूं कि यह बहुत ही उत्तम चीज है, लेकिन इसके साथ ही साथ आप स्पेशल कोर्टस बना दें, जो एक लिमिटेड टाइम के अन्दर ऐसे लोगों को ट्रायल करें, उसके लिए ज्यादा से ज्यादा एक साल का अर्सा रखा जाये कि एक साल के अन्दर उनको अपना निर्णय करना पड़ेगा, तब जाकर ये चीजें कुछ पकड़ में आ सकेंगी। आज हमारे देश के अन्दर आई.एस.आई. ने जिस तरह से जाल बिछाया हुआ है, उसके कारण मैं समझता हूं कि सारे के सारे देश के अन्दर आतंकवाद फैला हुआ है। कोई आदमी सुबह घर से चलता है तो शाम को घर पहुंचेगा या नहीं पहुंचेगा, हमारे क्षेत्र के अन्दर तो कम से कम यह बात हमेशा उसके ध्यान में रहतीहै। मेरा आपसे निवेदन है कि जैसा वोरा जी ने कहा कि इस लॉ का जरा सख्ती के साथ उपयोग होना चाहिए, उसके ऊपर एक्शन होना चाहिए। मैं चाहूंगा कि अगर आप स्पेशल कोर्टस बनाकर इनको ट्रायल करेंगे तो वह ज्यादा अच्छा रहेगा।

जितने भी एक्सप्लोज़िव्स का मूवमेंट होता है, उसको विशेष रूप से देखने की जरूरत है, क्योंकि आम तौर पर जैसा बताया गया, हमारे यहां तो बहुत सारे जो भी डैम बनते हैं या पहाड़ों को तोड़कर कहीं सड़क बनाने की बात होती है तो उनमें इन सब का उपयोग होता है। आज जिस तरह की स्थिति देश के अन्दर बनी हुई है, कहीं भी ये रास्ते में चोरी हो जाते हैं, कहीं भी स्टोर में से ये निकल जाते हैं तो एक इफैक्टिव कण्ट्रोल, जहां कहीं भी हमारे पास एक्सप्लोसिव्ज़ हैं, उनको हम बिल्कुल इफैक्टिवली इस्तेमाल कर सकें, उनको कण्ट्रोल कर सकें, यह भी हमें देखना पड़ेगा।

अन्त में मैं इतना ही निवेदन करना चाहूंगा कि एक बार फिर मैं यहां इस विधेयक का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। बहुत सारे लोग इसके साथ कभी-कभी ह्यूमन राइटस को जोड़ देते हैं, लेकिन मैं समझता हूं कि देश की सुरक्षा, राष्ट्र की सुरक्षा सर्वोपरि है, उसके लिए जो भी सख्त से सख्त स्टैप उठाने पड़ें, वे उठाने चाहिए। धन्यवाद।

>

>PROF. R.R. PRAMANIK (MATHURAPUR): Hon. Chairman, Sir, I rise to speak on the Explosive Substances (Amendment) Bill. I have given some amendments also.

While moving the Bill, the hon. Hone Minister has said that this is a very simple Bill. Yes, it is simple because there are only three or four amendments. But it is not a simple Bill because capital punishment is being proposed in place of rigorous imprisonment. The Bill as it stands has got very weak definitions. This Bill seeks to fight terrorism and illegal use of explosives.

The original Act of 1884 was brought into effect when we were under the British rule.

The intention of that Bill was designed to control the manufacture, possession, use, sale, transportation and importation of explosives so as to prevent accidents. It was there in the Act of 1884. The name of the Bill was `Explosives Act, 1884'. Then again in 1908, the Britishers enacted another Bill called, `Explosive Substances Act, 1908'. That was as per the English Explosive Substances Act in their own country. The object of that Bill, as written, was as follows:

"It seeks to control crimes arising out of the illegal use of explosives."

It was so because there was terrorism, Independence Movement throughout India, particularly in Bengal. There was a terrorist movement. To fight out that terrorism, the Independent Struggle in Bengal, the Britishers brought this `Explosive Substances Act 1908'. There is a clause 17 about the `Extension of definition of "Explosive" to other explosive substances.' At that time RDX and TNT were not there. Some other high explosives were also not there. In that Section 17, there was a provision to include, because explosive substances are not exhaustive.

Now, in this Bill, which the hon. Home Minister has brought here, the definition of "explosive substances" is very weak. About the definition of "explosive substance" it is written and I quote:

"In this Act the expression "explosive substance" shall be deemed to include any materials for making any explosive substance;..."

Now, if I say `where is the house of Ram?' One says, `it is just by the side of the house of Shyam'. When I say, `where is the house of Shyam?'. He says, `it is just by the side of the house of Ram'. So, for life long, you can transfer the house of Ram and Shyam. But you will not get it.

>Similarly, about the definition of "explosive substance" you have defined it in terms of `explosive substance'. What type of definition is it? What is the "explosive substance"? "Explosive Substance" is defined as explosive substance. So, it is not a definition. The definition of it should be precise. In Law, the definition should be precise, exact and pointed one. There should be no ambiguity. The definition should be in the conventional sense and not in nuclear sense.

In the convention sense, `explosive' is defined:

" a solid, gas or liquid material which, when triggered, will release a great amount of heat and pressure by way of a very rapid, self-sustaining exothermic decomposition."

This is the process. But in the present Bill, which the hon. Home Minister has brought, the definition is weak.

A comment has been made by an ex-Justice in a murder case of culpable homicide amounting to murder. `But in the rarest of the rare case that penalty should be imposed.' The comment had been made by a Justice. What is the

definition of the `rare case'? What is the definition of the `rarer case'? And, what is the definition of the `rarest case'? So, the definition is subjective. This comment was not made by me, it was by an ex-Chief Justice.

Here also, in the Bill, the definition is very vague.

MR. CHAIRMAN: Prof. R.R. Pramanik, please come to the subject.

PROF. R.R. PRAMANIK:Sir, I am on the subject.

Mr. Chairman, Sir, the definition of the "explosive substance" is very weak. Only to strengthen my argument, I have cited the comments from ex-Justice about the rarest case. In a law, you have to define which was the explosive substance -fire arm, fire works also... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Please be brief.

... (Interruptions)

SHRI G.M. BANATWALLA : There is no brief explosive... (Interruptions)

PROF. R.R. PRAMANIK : So, this should be clearly defined.

About the `Special Category Explosive Substances', the hon. Home Minister has cited three examples. There are many other high explosives, for example, nitro glycerine, nitro glycol, di-nitro tolune, tri-nitro tolune, picric acid, di-nitro phenol, tri-nitro resorcinol, cyclo try-methylene, tri-nitramine(RDX). PETN and so many substances.

18.00 hrs.

It is not exhaustive. It is inclusive. This should be special category of explosive substances.

सभापति महोदय :सदन का समय छः बजे तक का है। यदि सदन सहमत हो तो आधा घंटा इसके लिए समय बढ़ा दिया जाए।

मेजर जनरल भुवन चन्द्र खण्डूरी, एवीएसएम (गढ़वाल) : आधा घंटे में इसे समाप्त किया जाए।

सभापति महोदयः जब तक यह बिल पारित नहीं होता है, हम बैठेंगे। सदन सहमत हो तो इस पर विशेष समय नहीं लगेगा।

PROF. R.R. PRAMANIK : I am asked to say something about capital punishment. I am on the definition. My amendment is, you have to include (i) sub-clause (c). Special category explosive substance is defined in the Act. A special category explosive substance shall be deemed, as it is mentioned here, to include research development explosive, RDX. All this is mentioned in the Act. I want to add the special category of explosive substance. I want to add uranium 235 and plutonium.

A 5 kg uranium 235 was an explosive substance, not the atom bomb or hydrogen bomb which was dropped on Hiroshima. It is only 5 kg of uranium 235 and plutonium. It is only 4 or 5 kg. That is the critical mass. That material should be under special category explosive substance because some critical atom bombs are possible now. That is 200 tonnes of TNT, not kilo tonne, not mega tonne, not hydrogen, only critical, that is below critical mass, small atom bombs which can destroy this Parliament House altogether. Small amount of Uranium 235 can do it. Scientists and technologists are trying on this. When this Bill was enacted during British period, RDX was not there. For your information, there is cyclonite - RDX, cyclo-trimethylene-trinitramine which was discovered by Henning in 1899 and which was used in World War II . After World War II, the explosive character came in 1920. So, the Bill was in 1884. At that time, RDX was not there and PETN was not there. It was discovered by Wilbrand in 1891. A time may come when there will be small atom bombs with Uranium 235 or plutonium. Then the question of amendment will come. So, this being a special category of explosive substance, I have given amendment which include Uranium 235 and also plutonium.

I request the Home Minister to include one more Clause (c) which is called the conventional explosive substance because explosive substance contains both conventional and non-conventional substances.

Mr. Chairman, Sir, as males and females are contained in human beings, the explosive substances contain conventional explosive substances and non-conventional explosive substances.

Now, I come to the provision regarding death penalty. During the British period, in 1908, the Explosive Substances Act was enacted to fight terrorism. If you go to the Andamans, you will find the Cellular Jail. There are three wings out of seven which were meant for the terrorists. The British were afraid of the terrorists. The terrorists used guns, revolvers and all those things as RDX and PETN were not there. The British enacted this Act to fight terrorism by imposing a rigorous imprisonment of five to twenty years or life imprisonment at the Andamans. All the cells were occupied by them. Some of those who were arrested are still alive in West Bengal. There was no death sentence to fight terrorism.

There are laws under the Indian Penal Code where death sentence is prescribed for the following: (1) it must be awarded when murder is committed by a person under sentence of imprisonment for life; (2) waging war against the Government of India and so on. So, there is capital punishment for terrorism. But here death penalty has been mentioned. The Minister of Home Affairs intends to impose for whom? It is mentioned here, `any person, who unlawfully and maliciously causes, by any special category explosive substance, an explosion of a nature likely to endanger life or to cause serious injury to property shall, whether any injury to person or property has actually been caused or not, be punished with death ...' So, if there is an explosion and none is dead, still, according to this Bill, if it is enacted, that man would be punished with death.

For the terrorists, there is a law which says that only possession is enough to attract death penalty. There is a provision that the possession must be with the knowledge of the person in possession. For example, if some RDX is put into my pocket without my knowledge, if this Bill is enacted, I will have to go to the gallows because the RDX is there. How much of RDX is there, whether it is in my knowledge and whether it is in my control are not taken into account.

I am against death sentence and I have given notice of an amendment. I am against death sentence because even the British did not include the death punishment for terrorists. They were also to fight terrorism. After Independence, it has become a political issue. I want to quote something which is not my quotation.

"Can fear of death deter or diminish patriotic heroism or treasonable projects organised by suicide squads of maddened terrorists, desperate guerillas or hardened mafia?'

This question was raised by no less a person than Mr. Justice V.R. Krishna Iyer. The leading Jurist, Shri V.R. Krishna Iyer has pleaded for the abolition of death sentence. He is against the existing death sentence and our hon. Minister of Home Affairs is introducing a new death sentence for the special category of explosive substances. There is a debate between the abolitionists and the votaries of death penalty on the existing capital punishment.

So, Shri Krishna Iyer says:

"A leading terrorist has pleaded for the abolition of death sentence. As a Judge, he has written in his judgments that death sentence is not required in the present time, but as Indian law has laid down to award death sentence in certain cases he cannot change the law. So, he has suggested that death sentence may be awarded in the rarest of rare cases."

MR. CHAIRMAN :Thank you. Nothing will go on record.

(Interruptions)*

PROF. R.R. PRAMANIK :I have given an amendment. ... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: I am repeatedly saying. Please conclude now.

... (Interruptions)

PROF. R.R. PRAMANIK :A final sentence about what Mahatma Gandhi said. The Father of our Nation, Mahatma Gandhi had said that God alone can take away life because he alone gives it. ... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: You have only seven minutes, but you have taken about 20 minutes.

... (Interruptions)

---

* Not recorded

PROF. R.R. PRAMANIK : So, no other person can take away life. But he is now introducing death sentence only for `possession and explosion', even if no person has got killed. The terrorist problem is to be solved politically. Terrorism is a political issue. He is not an ordinary criminal. That problem can be solved only politically. ... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Thank you.

अब आप जो बोलेंगे वह रिकार्ड में नहीं जाएगा।

(व्यवधान)।

MR. CHAIRMAN: I am repeatedly asking him to conclude. But he is not concluding. I have requested him five times to conclude, but he is not concluding.

PROF. R.R. PRAMANIK : In short, I want to say that the definition should be clear and there can be no ambiguity. I am against death sentence, but it has been inserted there in this Bill, only for `possession and explosion'. He is not a murderer. The sentence of life imprisonment is already there. The terrorist problem is to be fought politically and not by giving death penalty. So, I am against death penalty.

MR. CHAIRMAN: Thank you. At the time of moving your amendment, you can say.

PROF. R.R. PRAMANIK : I am having more to say in favour of my amendment. I am against death penalty. Kindly give me a chance at that time.

MR. CHAIRMAN: Thank you.

PROF. R.R. PRAMANIK : Thank you very much. I conclude.

---

* Not recorded

>

श्री रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली): सभापति महोदय, माननीय ग़ृह मंत्री जी, विस्फोटक पदार्थ का इस्तेमाल और उसका प्रयोग रोकने के लिए पुराने जमाने का जो कानून था उस कानून को ओर सख्त करने के लिए यह बिल लाए हैं, ऐसा उनके भाषण को सुनने से मालूम पड़ा। विस्फोटक पदार्थ की चर्चा होती है तो मुझे याद आता है जब नोबल साहब साइंटिस्ट थे, जिन्होंने डायनामाइट का अविष्कार किया था। उस अविष्कार के बाद उससे जो पैसा एकत्र हुआ उसी से नोबल पुरस्कार हो रहा है। उन्हीं के नाम पर नोबल पुरस्कार चलता है। अब शांति के लिए, इकोनोमिक्स, फिजिक्स, सब चीजों के लिए पुरस्कार मिलता है।

महोदय, मंत्री जी ने अपने भाषण में कहा कि अब विज्ञान आगे बढ़ा है। अब नये-नये विस्फोटक पदार्थ और खतरनाक विध्वंसकारी पदार्थ का अविष्कार हुआ है, उसको कोई रखेगा या इस्तेमाल करेगा तो उसे भारी दंड दिया जाएगा, उसके लिए मृत्यु दंड तक का प्रावधान लाया गया है। इससे तो हमें ऐसा लगता है कि इसमें आतंकवाद या इस तरह का जो अपराध होता है, जिससे जनजीवन की भारी क्षति होती है, बर्बादी होती है, जानें जातीं हैं और विध्वंस होता है तो उनमें कड़े से कड़ा कानून बनना चाहिए और उनको दंड दिया जाना चाहिए।

लेकिन हम नहीं जानते कि आर.डी.एक्स या जो अभी विशेष विस्फोटक कैटेगरीज के पदार्थों का वर्णन हुआ है ये अपने देश में बनते हैं या आतंकवाद फैलाने वाले विदेशी लोग बाहर से भेजते हैं। उनको रखने या इस्तेमाल करने के बारे में वे बता रहे थे कि ऐसे लोगों पर जो इनको रखते या इस्तेमाल करते हैं, पर्याप्त सख्ती की जाए। अब कोई किसी की डंडे, लाठी या हंसुली से हत्या कर दे या उसको किसी चीज से मार कर हत्या कर दे तो उसको संविधान में फांसी की सजा का प्रा वधान है। लेकिन विस्फोटक पदार्थ को रखने में फांसी का प्रावधान न्याय के पलड़े में संतुलित नहीं बैठता है। लेकिन हम लोग आतंकवाद के खिलाफ हैं। आतंक वाद को किसी भी हालत में रोकना चाहिए और आतंकवाद फैलाने वाले को दंड देना चाहिए।

मैं कहना चाहता हूं कि इनकी भावना ठीक है कि ऐसे लोगों पर सख्ती होनी चाहिए। इनकी भावना का हम समर्थन करेंगे लेकिन

Jurisprudence is the eye of law.

ठीक है, सजावार को सजा होनी चाहिए लेकिन किसी भी बेकसूर को सजा नहीं होनी चाहिए।

Jurisprudence is the eye of law

का यही मतलब है। मान लीजिए कि किसी भले आदमी की जेब में कोई आदमी चुराकर कोई विस्फोटक पदार्थ या आर.डी.एक्स रख देता है जोकि सुना है कि बड़ा खतरनाक होता है, हम सुनते हैं पॉवडर होता है, तो क्या उस भले आदमी को फांसी देना उचित होगा। इसलिए हमें कड़ा कानून बनाने में लाख बार सोचना चाहिए कि कहीं बेकसूर को सजा न हो जाए। कानून जो भी बने वह न्यायसंगत होना चाहिए।

वे कह रहे थे कि एटम-बम, प्लूटेनियम, यूरेनियम को भी इस कानून में शामिल होना चाहिए। अगर ऐसा हुआ तो यही लोग इसमें धरे जाएंगे क्योंकि इन्होंने हाल ही में परमाणु विस्फोट किए हैं। छोटा विस्फोट हो तो दंड मिले लेकिन एटम-बम का विस्फोट करने वालों को कौन दंड देगा? इसलिए इस कानून को बनाने में ध्यान से हर सम्भव उपाय किये जाने चाहिए और कड़ा कानून बनाकर एक्सप्लोसिव को देश में आने पर रोक लगाई जाये, इसे रुकवाया जाए तथा पता किया जाए कि यह विदेश से आता है या हमारे देश में ही बनता है क्योंकि उसकी आम आदमी को जानकारी नहीं है। कोई भी भला आदमी, बेकसूर आदमी इसमें न फंसे, इन सबका ध्यान रखते हुए कड़े से कड़ा कानून बनाए। हम उनकी भावना का आदर करते हैं। आतंकवाद से देश की सुरक्षा को, जनजीवन और मानवता को खतरा होता है। इसलिए इसको रोकने के सभी उपाय किये जाने चाहिए, लेकिन ये उपाय न्यायसंगत होने चाहिए।

बड़ोदरा डायनामाइट पर इनके मंत्री जॉर्ज साहब कहते थे कि एक निर्जीव की हत्या, हत्या नहीं; सजीव की हिंसा, हिंसा है। यह भी एक जुझारू अहिंसा, छापामार सत्याग्रह होता है। राजनीतिक कारणों से भी लोग इस तरह से ध्यान आकर्षित करने के लिए निर्जीव चीजों की हत्या करते हैं। अब उनको भी वही सजा और सजी व पर भी हमला हो तो वही सजा, न्याय के हिसाब से संतुलन हो तो इनके मंत्री भी इसके अन्तर्गत धरे जाएंगे। इसलिए ऐसा कानून नहीं बनाइये कि आपके मंत्री धरे जाएं। इसलिए आतंकवाद को पहचानकर, जो आतंकवादी हैं, जो जनजीवन को नुकसान पहुंचाने वाले हैं, जो देश की रक्षा को नुकसान पहुंचाने वाले हैं उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानून बनाया जाए - हम उसके पक्ष में हैं।

>SHRI KHARABELA SWAIN (BALASORE): Sir, I rise to support the Bill. I was very much surprised to hear my predecessor speaking against the provision of death penalty. It is very easy, for an academic discussion, to say that any terrorist is a political activist. A ISI agent who has come from Pakistan, who has exploded the device destroying property worth crores of rupees and killing hundreds of people is a political activist? I was very surprised to hear the hon. Member saying that he should be dealt politically. I hope he would say the same, in case one of his relatives, supporters or Party Members is killed and deal with him politically. I think what he said was meant for just an academic discussion. I strongly oppose him. I very strongly support the Bill that has been brought before the House by the hon. Home Minister. I am very much in favour of death penalty.

I know that there may be some difficulty. As you yourself have mentioned, some innocent persons may be put to trouble. If someone puts RDX into the pocket of some innocent person, just like the laws relating to narcotics, he may be put to some difficulty. We all know that in the Indian Courts of law only in the rarest of rare cases, death penalty is awarded. So, it is not that the judge will handle the case in a casual manner. The Judge will certainly go into the details of the case before awarding the death penalty. He will positively convince himself that actually the heinous crime was going to be committed by the concerned person. I would like to quote Clause 3(b) which says:

"Any special category explosive substance an explosion of a nature likely to endanger life or to cause serious injury to property shall, whether any injury to person or property has been actually caused or not, be punished with death, or imprisonment for life, and shall also be liable to fine."

Let me take a hypothetical case in which nobody is killed in an explosion. But we have to take into consideration his intention. When the concerned person exploded the device, his intention was to kill, to destroy or to subvert the system. His intention was to create panic in the country and it was a mere coincidence that nobody was killed. If that person is allowed to go scot-free, he will again try to resort to the same thing. If we let him loose, he will attempt the same thing once, twice or thrice until he is given a death penalty. I would however, say even the death sentence is not enough for such perpetrators of the worst kind of crime against the mankind. By awarding death penalty, we will only get rid of one heinous criminal but by his misdeeds we might have lost hundreds of innocent lives. So, what is the harm in awarding death penalty to such a person? There is no harm in it. Shri Chaman Lal Gupta has mentioned that over 43,000 kilogram of RDX had been seized over the years in our country.

Not only that, the Intelligence Bureau has also found that Pakistan seems to have pushed 51,800 kgs. of RDX into India. Sir, just see, who are the criminals and villains of this case? It is mostly perpetrated by ISI and its agents in India. I will give you the examples of the last ten years to show what has happened in India due to the heinous deeds of ISI. Civilians killed due to ISI terrorism in the last ten years - 21,951; security men killed in the last ten years due to ISI activities - 5,101; persons rendered homeless due to these activities - 2,78,000; property damaged to the tune of Rs.2,000 crore and weapons smuggled into India - 61,900. Shall we allow India to become a soft State or a banana State? We cannot allow. How can we allow? Maybe the death penalty might act as a deterrent among the carriers and those infiltrators who are coming from across the border. So, I support it.

>The ISI activities in India have penetrated not only in Jammu and Kashmir but have also penetrated into Kerala, Tamil Nadu, Gujarat and North East. They have penetrated into places like Agra, Kanpur, Ferozabad and into all sorts of places. The ISI is also financing so many people. It is now financing the Kashmiri shopkeepers. People staying in the five star hotels pay any prices for the strategically located property where there is a chance of intelligence gathering and contact points of terrorists.

Secondly, they also indirectly help the human rights activists by buying their books, painting and other things. They also finance some film actors who go to Pakistan and they become their supporters.

सभापति महोदय : यदि कोई भी एक्सप्लोसिव सबस्टेंस रखेगा, उसको दंड देने का है। चाहे आई.एस.आई. रखे या बी.एस.आई. रखे।

SHRI KHARABELA SWAIN: Sir, give me two more minutes, I will conclude. I support this Bill. I just congratulate the Home Minister for introducing the National Security Council. I know, it will take sometime to give good shape to it because we do not have so many experts in India with regard to Myanmmar, Middle East and with regard to other places... (Interruptions). Sir, I am very sorry that another two minutes were not given to me.

बाकी लोग २०-२५ मिनट बोलते थे तो उनको आपने कुछ नहीं कहा

